सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 10.04.2024

01 शातिर अन्तर्जनपदीय वाहन चोर को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी 01 इनोवा क्रिस्टा कार को किया गया बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **थाना सैफई पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 09.04.2024 को आकाश यादव पुत्र राकेश चन्द निवासी कृष्णा नगर थाना भरथना ने थाना सैफई पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनांक 07.04.2024 को सैफई पीजीआई कैम्पस में इलाज करवाने गये थे, इसी दौरान सैफई पीजीआई के कैम्पस से उनकी इनोवा क्रिस्टा कार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी। सूचना पर तत्काल **थाना सैफई पर मु0अ0सं0 77/24 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया।**

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे दिनांक 09/10.04.2024 की रात्रि को थाना सैफई पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी, इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि सैफई कैम्पस से इनोवा क्रिस्टा कार चोरी करने वाला अभियुक्त बीएसएनएल चौराहे के पास चोरी की गाड़ी में कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सैफई पुलिस टीम द्वारा **अभियुक्त अलीम पुत्र अलाउद्दीन को बीएसएनएल चौराहे के पास से समय 04.45 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछ:-

पकडे गये अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि यह कार मैंने दिनांक 07.04.2024 को पीजीआई सैफई के कैम्पस से चोरी की थी जिसे आज मैं कहीं बेचने जा रहा था और बताया कि मैं इसी तरह भिन्न-भिन्न जनपदों से वाहन को चोरी करके उन्हें सस्ते दामों में बेचकर लाभ कमाता हूँ

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सैफई पर पंजीकृत मु0अ0सं0 77/2024 धारा 379 भादवि में धारा 411/413 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अलीम पुत्र अलाउद्दीन निवासी मेवाती टोला थाना कोतवाली जनपद इटावा **उम्र 38 वर्ष**।

पंजीकृत अभियोग:-

1. मु0अ0सं0 77/24 धारा 379/411/413 भादवि थाना सैफई जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहासः-

अभियुक्त अलीम पुत्र अलाउद्दीन

1. मु0अ0सं0 346/23 धारा 379/411 भादवि थाना जैत जनपद मथुरा
2. मु0अ0सं0 97/23 धारा 379/411/413 भादवि थाना करहल जनपद मैनपुरी
3. मु0अ0सं0 497/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व धारा 411/413/414/420 भादवि थाना करहल जनपद मैनपुरी
4. मु0अ0सं0 77/24 धारा 379/411/413 भादवि थाना सैफई जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01 इनोवा क्रिस्टा कार **(चोरी की हुयी)**

पुलिस टीमः- निरी0 श्री बलराम मिश्रा प्रभारी थाना सैफई, उ0नि0 नितिन कुमार, का0 विजय कुशवाहा, का0 परविन्द कुमार, का0 अभेन्द्र सिंह।